Exam. Code : 216304
Subject Code : 5362

**M.A.(Hindi) 4th Semester (Batch 2020-22)**

**ADHUNIK GADH SAHITYA**

**Paper—XVII**

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**सूचना** :— प्रत्येक भाग में से कम से कम एक प्रश्न का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न करें। **पाँचवा** प्रश्न किसी भी भाग में से किया जा सकता है। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

**भाग—क**

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) कवि सौंदर्य से प्रभावित रहता है और दूसरों को भी प्रभावित करना चाहता है। किसी रहस्यमयी प्रेरणा से उसकी कल्पना में कई प्रकार के सौंदर्यों का जो मेल आप से आप हो जाया करता है। उसे पाठक के सामने भी वह प्राय: रख देता है जिस पर कुछ लोग कह सकते हैं कि ऐसा मेल क्या संसार में बराबर देखा जाता है।

(ii) एक आदमी है। घर बसाता है। क्यों बसाता है ? एक जरूरत पूरी करने के लिए। कौनसी जरूरत ! अपने अन्दर के किसी उसको .... एक अधूरापन कह लीजिए उसे ... उसको भर सकने की। इस तरह उसे अपने लिए .... अपने में ...... पूरा होना होता है। किन्हीं दूसरों को पूरा करते रहने में ही जिन्दगी नहीं काटनी होती।



Scanned with CamScanner

2. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) हमारे सामने समाज का आज जो रूप है, वह न जाने कितने ग्रहण और त्याग का रूप है। देश और जाति की विशुद्ध संस्कृति केवल बाद की बात है। सब कुछ में मिलावट है, सब कुछ अविशुद्ध है। शुद्ध है केवल मुनष्य की दुर्दम जिजीविषा (जीने की इच्छा)। यह गंगा की अबाधित अनाहत धारा के समान सब कुछ हजम करने के बाद भी पवित्र है।

(ii) इस प्रकार मैंने भिन्न-भिन्न सम्प्रदायों का थोड़ा-बहुत ज्ञान प्राप्त किया। मेरा आत्म निरीक्षण बढ़ा। जो पढ़ा और पसंद किया, उसे आचरण में लाने की आदत पक्की हुई। अतएव हिंदू धर्म में सूचित प्राणायाम संबंधी कुछ क्रियाएं, जितनी पुस्तक की मदद से समझ सका उतनी, मैंने शुरू की। पर वे मुझे सधी नही। मैं उनमें आगे न बढ़ सका।

## भाग—ख

3. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' लेख का प्रतिपाद्य स्पष्ट करें।

4. 'पगडंडियों का जमाना' आधुनिक युग का सटीक व्यंग्य है, सिद्ध करें।

## भाग—ग

5. हिन्दी नाटक की विकास यात्रा पर प्रकाश डालें।

6. 'आधे-अधूरे' नाटक के आधार पर 'आधे-अधूरेपन' के विविध आयामों की विस्तृत चर्चा करें।

## भाग—घ

7. आत्मकथा कला के आधार पर 'मेरी आत्मकथा' का मूल्यांकन करें।

8. आत्मकथाकार यशपाल का सामान्य परिचय दें।

700



Scanned with CamScanner